माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in
Email ID – examcontroller@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 2837 गोपनीय / एम0एस0यू0 / 2024–25 दिनांक: 6/3/25

अनुस्मारक–1

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान।

विषय :– प्रयोगात्मक / मौखिक / आन्तरिक परीक्षा के अंकपर्ण ऑनलाइन पोर्टल पर तथा विश्वविद्यालय में जमा कराने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया विश्वविद्यालय के पत्र 2743 / गोपनीय / एम0एस0यू0 / 2024–25, दिनांक 21.02.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से महाविद्यालय / संस्थान द्वारा विद्यार्थियों के प्रयोगात्मक / मौखिक / आन्तरिक परीक्षा कराकर अंक ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड कर हार्डकॉपी विश्वविद्यालय में तत्काल जमा करने की अपेक्षा की गई थी। किन्तु कतिपय महाविद्यालय / संस्थानों द्वारा अपने विद्यार्थियों के विषम सेमेस्टर के प्रयोगात्मक / मौखिक / आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न नहीं कराई गई है तथा महाविद्यालय / संस्थानों द्वारा सेमेस्टर के प्रयोगात्मक / मौखिक / आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न कराकर ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड कर हार्डकॉपी विश्वविद्यालय में जमा नहीं की है।

ऐसे महाविद्यालय / संस्थान विषम सेमेस्टर के प्रयोगात्मक / मौखिक / आन्तरिक परीक्षा सम्पन्न कराकर ऑनलाइन अपलोड करते हुए अंकपर्ण की दो प्रतियाँ विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग में तत्काल जमा कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा में महाविद्यालयों का परीक्षाफल रोककर परीक्षाफल घोषित कर दिया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय / संस्थान का होगा।

भवदीय,

परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ–

1. कुलसचिव।
2. सहायक कुलसचिव (परीक्षा / गोपनीय)।
3. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4. प्राचार्य / प्राचार्या समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।
5. प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि पत्र को वेबसाईट पर प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।
6. गार्ड फाईल

सहायक कुलसचिव
(गोपनीय)